**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding compensation to farmers of Maharashtra, as their crops were damaged due to heavy rainfall.

**श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती) :** अध्यक्ष महोदय, आज शिवसेना के दो-तीन खासदारों ने किसानों के बारे में बात की है । आज महाराष्ट्र की जनता प्रश्न विचार रही है कि सदन में आने के बाद आप किसानों की बात करते हैं, लेकिन जिस सरकार को मैजोरिटी दी है, अपने स्वार्थ के लिए ।...(व्यवधान)

**13.00 hrs**

अगर किसानों के लिए लालच नहीं है,...(व्यवधान) अगर किसानों के लिए इतना प्यार, इतनी सहानुभूति है तो वहां पर आपको सरकार फॉर्म करनी थी । अब महाराष्ट्र में जो महा अकाल हुआ है, जो राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है, इसके पीछे अगर किसी का हाथ है तो शिवसेना का है । खुद का स्वार्थ, खुद का घर अगर न ध्यान में रखते, ...(व्यवधान) किसानों के लिए मदद करने की भावना अगर मेरे दिल में है तो मुझे लगता है कि मैं खुद का घर भी जला सकती हूं । किसानों के हित में सरकार की मेजोरिटी के लिए सपोर्ट भी कर सकती हूं ।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती रमा देवी ।

...(व्यवधान)

**श्रीमती नवनित रवि राणा :** अध्यक्ष महोदय, ... *आज मुझे किसानों के बारे में बात करनी है । आपको मुझे टाइम देना ही पड़ेगा ।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप किसान की बात करें ।

**श्रीमती नवनित रवि राणा:** आज ताल्लुका में घूमकर देखा गया, सोयाबीन, कपास, मूंग, धान हर चीज का मेजर नुकसान हुआ है, आज हमारे राज्य का कोई माई-बाप नहीं है । इसलिए मैं केंद्र सरकार से कहूंगी, हमारे राज्य का माईबाप सिर्फ केंद्र है ।…(व्यवधान) केंद्र सरकार को हमारे राज्य के किसानों के लिए 50,000 करोड़ रुपये की मदद करनी चाहिए जिससे उनका घर चल सके । उनके दुख में एक चिराग जलाने की अगर कोई राह दिख सकती है, तो केंद्र सरकार से ही दिख सकती है ।…(व्यवधान)